हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 17 अंक : 02 देहरादून शुक्रवार 27 मार्च 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## मुख्यमंत्री ने किया देहरादून - पिथौरागढ़ विमान सेवा का शुभारंभ



**- एलाइंस एयर देहरादून - पिथौरागढ़ के बीच संचालित करेगा 42 सीटर विमान सेवा**

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर देहरादून-पिथौरागढ़-देहरादून विमान सेवा का शुभारंभ किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर देहरादून से पिथौरागढ़ के लिए 42 सीटर विमान सेवा शुरु होने से पिथौरागढ़ - देहरादून का सफर एक घंटे में पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह विमान सेवा सामरिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब हवाई यात्रा करना केवल विशिष्ट और सम्पन्न वर्ग के लोगों के लिए ही संभव माना जाता था। परंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हवाई चप्पल पहनने वाला आम नागरिक भी हवाई यात्रा कर सकता है। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2016 में न्धछ योजना की शुरुआत कर देश में नागरिक विमानन के क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया था। जिसके माध्यम से छोटे शहरों, दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों को हवाई नेटवर्क से जोड़कर आम नागरिकों को सस्ती दरों पर हवाई सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने दो दिन पूर्व ही उड़ान योजना 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। जिसके अंतर्गत, आगामी 10 वर्षों में लगभग 29 हजार करोड़ रुपये के बजट से 100 नए हवाई अड्डों और 200 नए हेलीपैड के विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना का विस्तार विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों में क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने तथा दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्रों में सस्ती एवं सुगम हवाई सेवा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है।

जीवन रेखा बन चुकी है हवाई सेवाएं: मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के लिए हवाई सेवाएँ मात्र एक परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी है। दुर्गम और दूरस्थ अंचलों में आवश्यक सामग्री पहुँचाने से लेकर गंभीर रोगियों को त्वरित उपचार के लिए बड़े अस्पतालों तक लाने में हवाई सेवाएं कारगर साबित हो रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्तमान में उड़ान योजना के अंतर्गत राज्य में 26 हवाई मार्गों का संचालन किया जा रहा है। राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए वर्ष 2023 में "उत्तराखण्ड एयर कनेक्टिविटी योजना" प्रारंभ की गई है। वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत 6 हवाई मार्गों पर उड़ानों का नियमित संचालन किया जा रहा है। बीते चार वर्षों में प्रदेश में हेलिपोर्ट्स की संख्या 2 से बढ़कर 12 हो गई है। साथ ही, हेलीपैड की संख्या 60 से बढ़कर 118 हो चुकी है।

### राधा कृष्ण मंदिर में 151 कन्याओं का मंत्री गणेश जोशी ने सामूहिक पूजन किया

देहरादून(संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी स्थित राधा कृष्ण मंदिर कुलड़ी में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने 151 नौदुर्गा स्वरूपा कन्याओं का विधि-विधान पूर्वक सामूहिक पूजन किया।कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कन्याओं को चुनरी ओढ़ाई, उनके पांव पखारे, आरती उतारी तथा श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। इसके साथ ही कन्याओं को दक्षिणा एवं उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी का स्वरूप माना गया है।

## राजकीय शिक्षक संघ चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से हिस्सा लेंगे शिक्षक : डॉ० धन सिंह

**- कहा, शिक्षकों को अपने गृह जनपद जाने को साल में मिलेगा दो दिन का यात्रा अवकाश**

देहरादून(संवाददाता)। राजकीय शिक्षक संघ के आम चुनाव में अब लोकतांत्रिक प्रणाली से कराये जाएंगे। जिसमें सभी शिक्षक प्रत्यक्ष रूप से प्रतिभाग कर अपने मत का प्रयोग करेंगे, ताकि प्रत्येक शिक्षक अपने प्रतिनिधि का चुनाव कर सके। इसके अलावा शिक्षकों को अब अपने गृह जनपद आने-जाने के लिये साल में एक बार दो दिन का यात्रा अवकाश मिलेगा, इस सम्बंध में शीघ्र ही शासनादेश जारी कर दिया जायेगा। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राजकीय शिक्षक संघ के आम चुनाव में सभी शिक्षकों की शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की लंबे समय से शिक्षक वर्ग मांग कर रहा था। आम चुनाव में पूर्व से चली आ रही व्यवस्था में बदलाव की सहमति प्रदान कर दी है, जिससे हर शिक्षक को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिलेगा और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी व लोकतांत्रिक बनेगी। डॉ०. रावत ने कहा कि शिक्षक संघ के चुनाव में सभी शिक्षकों को मतदान का अधिकार मिलना शिक्षकों की एक बड़ी उपलब्धि है। नई व्यवस्था से शिक्षक संघ का संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा और शिक्षकों की आवाज को सीधा प्रतिनिधित्व मिलेगा।डॉ० रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने शिक्षकों की एक अन्य महत्वपूर्ण मांग को भी स्वीकार कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कई शिक्षक अपने गृह जनपद से दूर अन्य मंडलों गढ़वाल से कुमाऊं एवं कुमाऊं से गढ़वालमें तैनात हैं, जिस कारण उन्हें अपने घर जाने में कठिनाई होती है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को ध्यान में रखते हुए वित्त एवं कार्मिक विभाग के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर शिक्षकों के हित मे निर्णय लिया गया है। अब प्रत्येक शिक्षक को वर्ष में एक बार अपने गृह जनपद जाने के लिए दो दिन का विशेष यात्रा (उपार्जित) अवकाश प्रदान किया जाएगा।डॉ०० रावत ने कहा कि अब तक उपार्जित अवकाश की कमी के कारण शिक्षकों को अपने निजी अवकाश का उपयोग कर घर जाना पड़ता था, जिससे उन्हें असुविधा होती थी।

**संक्षिप्त समाचार...**

### मेयर के सामने रखी कैंट विधानसभा की समस्याएं

देहरादून(संवाददाता)। कैंट विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मेयर सौरभ थपलियाल से मिला। इस दौरान उन्होंने विभिन्न समस्याएं मेयर के सामने रखी। कांग्रेसी नेता अभिनव थापर के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने पटेलनगर क्षेत्र में स्पीड ब्रेकरों की कमी और सफाई व्यवस्था की खराब स्थिति की समस्या बताई।उन्होंने विजय रतूड़ी मार्ग, गुरुराम राय स्कूल चौक, स्टेपिंग स्टोन चौक समेत कई स्थानों पर दुर्घटना की आशंका जताते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की।इस दौरान लगभग 50 स्थानीय लोगों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन भी मेयर को दिया गया।

### डॉ.विरेन्द्र को चंडीगढ़ में मिला सम्मान

देहरादून(संवाददाता)। डॉ. विरेन्द्र सिंह रावत को खेलों के उचित विकास के लिए पूर्व इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष एवं इंटरनेशनल ओलिंपिक एसोसिएशन के सदस्य नरेन्द्र बत्रा ने चंडीगढ़ मे सम्मानित किया। डॉ रावत को चंडीगढ़ मे आयोजित खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स 2026 के उद्घाटन समारोह में बेहतरीन कार्य के लिए ये सम्मान दिया गया।

### डॉ. सुमन गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

देहरादून(संवाददाता)। राजपुर रोड स्थित कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में गुरुवार को श्स्नातिका संघश की संस्थापक अध्यक्षा डॉ. सुमन गुप्ता की स्मृति में श्रद्धांजलि यज्ञ का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस यज्ञ में छात्राओं, शिक्षकों और गुरुकुल कांगड़ी के महानुभावों ने डॉ. गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सम्पादकीय

## इच्छा-मृत्यु की प्रक्रिया

इच्छा-मृत्यु की प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए अस्पताल अब अधिकृत हो जाएंगे। मगर प्रक्रिया की शुरुआत तभी होगी, जब मरीज के सर्वोत्तम हित में विस्तृत मेडिकल समीक्षा कर ली गई होगी। इस तरह इच्छा-मृत्यु का एक कायदा तय हो गया है।अचेतावस्था में पड़े व्यक्ति की चेतना वापस आने की आस टूट गई हो, तो मेडिकल उपकरणों से सहारे उस व्यक्ति की सांस चलाते रखने का प्रयास कब तक किया जाना चाहिए? डॉक्टर हथियार डाल चुके हों, उसके बावजूद मानसिक रूप मृत, लेकिन शारीरिक रूप से जीवित ऐसे व्यक्ति की उपस्थिति किस हद तक वांछित है? ये बड़े बुनियादी किस्म के सवाल हैं, जो कुछ खास मामलों में हर आधुनिक समाज के सामने उपस्थित होते रहे हैं। इन सवालों के साथ धार्मिक, रिवायती और सामाजिक प्रश्न जुड़े रहते हैं। इसे स्वीकार कर लेने के बावजूद कि उनका प्रिय व्यक्ति अब सचेत नहीं हो पाएगा, भावनात्मक लगाव, एवं कई बार श्लोग क्या कहेंग्ने जैसे सामाजिक दबाव के कारण परिवार पीड़ित की मृत्यु के इंतजार में बैठा रहता है।यह ऐसी पीड़ा है, जिसमें अचेतावस्था में पड़े व्यक्ति के साथ-साथ पूरा परिवार लंबे समय तक झूलता रहता है। एक ऐसे ही मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने पूर्ण मेडिकल देखरेख में इच्छा-मृत्यु की इजाजत दी है। अशोक राणा अगस्त 2013 में पेइंग गेस्ट आवास की चौथी मंजिल से गिरने के बाद से अचेतावस्था में पड़े हुए हैं। 12 साल से जारी उनकी पीड़ा से आजिज परिवार ने सर्वोच्च न्यायालय से इच्छा-मृत्यु प्रदान करने की अनुमति मांगी। भारत में यह ऐसा पहला मामला नहीं है, मगर इस बार कोर्ट ने ऐसे मामलों के लिए प्रतिमान तय किया है। कहा है कि ऐसी प्रक्रिया पूर्ण चिकित्सकीय योजना के साथ संपन्न की जानी चाहिए।चिकित्सा उपकरणों को हटाने के दौरान मरीज को पीड़ा से बचाना और यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि इसका अर्थ मरीज से पल्ला झाड़ना ना समझा जाए। अशोक राणा के मामले यह प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान में पूरी की जाएगी। इसके बाद ऐसी प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए मरीज की भर्ती के लिए अस्पताल अधिकृत हो जाएंगे। मगर प्रक्रिया की शुरुआत तभी की जा सकेगी, जब मरीज के सर्वोत्तम हित में उसकी विस्तृत मेडिकल समीक्षा कराई जा चुकी होगी। इस तरह इच्छा-मृत्यु का एक कायदा तय हो गया है। बेहतर होगा, संसद इसकी रोशनी में विस्तृत वैधानिक प्रावधान कर दे।

# खेलो इंडिया जनजातीय खेलः भारत के ओलंपिक सपनों की ओर एक मजबूत कदम

डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा

भारत की खेल यात्रा अद्भुत विविधता से भरी हुई है। उत्तर-पूर्व के पहाड़ों से लेकर मध्य भारत के जंगलों तक, हमारे देश के हर कोने में प्रतिभा मौजूद है। खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत को अब आठ वर्ष हो चुके हैं, और इतने कम समय में यह एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में विकसित हो चुका है। युवा खेल, विश्वविद्यालय खेल, बीच गेम्स और विंटर गेम्स जैसे विभिन्न आयामों के माध्यम से, खेलो इंडिया ने देशभर के युवा खिलाड़ियों की विविध प्रतिभाओं को पहचानने और उभारने में सफलता प्राप्त की है।खेलो इंडिया जनजातीय खेल (केआईटीजी) का समावेश इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसका पहला संस्करण 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 3,000 खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खेलों में सात पदक खेल शामिल होंगेख्रएथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन , तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।इन खेलों का आयोजन बस्तर क्षेत्र के जनजातीय बहुल जिलों, जो प्राचीन दंडकारण्य क्षेत्र का हिस्सा हैं, के साथ-साथ सरगुजा क्षेत्र, रायगढ़ और मानपुर जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। यह केवल एक और खेल प्रतियोगिता की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को व्यापक बनाते हुए हर खिलाड़ी तक अवसर पहुँचाना हैख्रचाहे वह किसी भी भौगोलिक या सामाजिक पृष्ठभूमि से आता हो। सीधे शब्दों में कहें तो यह हाशिए पर पड़े खिलाड़ियों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है।जनजातीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने लंबे समय से देश को गौरवान्वित किया है। राजस्थान के महान तीरंदाज लिम्बा राम से लेकर झारखंड की तीरंदाजी स्टार दीपिका कुमारी तक, और अनेक हॉकी खिलाड़ियों से लेकर ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू तक, उनकी उपलब्धियाँ लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं। ये उदाहरण इन क्षेत्रों में निहित अपार संभावनाओं को दर्शाते हैं।कई जनजातीय क्षेत्र ऐसे भी हैं जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते रहे हैं। इन क्षेत्रों के युवाओं के लिए पहचान और विकास के अवसर सीमित रहे हैं। ऐसे में, इन क्षेत्रों में संगठित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक और राष्ट्र निर्माण की दिशा में मोड़ने का कार्य करता है। यह अनिश्चितता को अवसर में और अलगाव को समावेशन में बदलने का प्रयास है।वास्तव में, हमारे माननीय प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोणख्रखेलेगा भारत तो खिलेगा भारतख्रआज साकार हो रहा है। खेल आज एक सशक्त माध्यम और समान अवसर प्रदान करने वाला साधन बन चुका है, जो वंचित वर्गों के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने का अवसर देता है। जनजातीय क्षेत्रों में खेलो इंडिया का विस्तार इसी दृष्टि का स्वाभाविक विस्तार है और यह इस विश्वास को मजबूत करता है कि खेल राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।खेलो इंडिया जनजातीय खेलों का आयोजन स्थानीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) पर भी दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। इससे जनजातीय क्षेत्रों में खेल अवसंरचना का विकास और उन्नयन होगा, साथ ही स्थानीय कोच, प्रशिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। स्कूलों और सामुदायिक संस्थानों को दैनिक जीवन में खेल को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर एक स्थायी और समावेशी खेल संस्कृति विकसित हो सके।ये खेलो इंडिया जनजातीय खेल केवल एक बार आयोजित होने वाला आयोजन नहीं हैं, बल्कि इन्हें खेलो इंडिया के वार्षिक कैलेंडर में स्थायी स्थान दिया जाएगा। इससे देशभर के जनजातीय खिलाड़ियों को निरंतर और नियमित मंच मिलेगा, जो उनके दीर्घकालिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक संस्करण के साथ ये खेल व्यापक खेलो इंडिया (इकोसिस्टम) पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक आधार के रूप में कार्य करेंगे। इस दृष्टि से, जनजातीय खेल केवल एक मंच नहीं, बल्कि एक समृद्ध खेल संसार में प्रवेश का द्वार हैं।इन खेलों के माध्यम से हम प्रतिभाओं की पहचान और उनके विकास का लक्ष्य रखते हैं। राष्ट्रीय कोच, उच्च प्रदर्शन निदेशक और भारतीय खेल प्राधिकरण के तकनीकी विशेषज्ञ इन खेलों में उपस्थित रहेंगे। चयनित खिलाड़ियों को उन्नत प्रशिक्षण के लिए भाखेप्रा केंद्रों में भेजा जाएगा, जिससे वे अपने खेल करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकें।जैसे-जैसे भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए प्रयासरत है, वैसे-वैसे प्रतिभाओं का दायरा बढ़ाना और भी आवश्यक हो जाता है। इसका अर्थ है देश के हर कोने तक पहुँचना और यह सुनिश्चित करना कि हर युवा खिलाड़ीख्रविशेषकर जनजातीय समुदायों सेख्रअवसरों से वंचित न रहे। जनजातीय खेलों की शुरुआत इसी सोच का परिणाम है और यह भारत के विकसित होते खेल तंत्र की मजबूती को दर्शाता है।

# भारत की विदेश नीति में ईरान के लिए आँसू नहीं होंगे

हरिशंकर व्यास

मैं प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के समय से भारत के इजराइल से संबंधों का हिमायती हूं। उस नाते प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने जनवरी 1992 में हिम्मत दिखाकर इजराइल से पूर्ण राजनयिक संबंध बनाए और राजदूतों की नियुक्ति हुई, तब मैंने इसी कॉलम में वाह की थी। मगर इस सप्ताह नरेंद्र मोदी और नेतन्याहू के फोटोशूट में तो गजब ही हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल की संसद केनेस्सेट में भाषण से दो देशों का वह मिलाप बनाया जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। उन्होंने दुनिया, पश्चिमी एशिया, इस्लामी-अरब देशों की जमात सभी को बता दिया कि भारत केवल इजराइल का सगा है। पता नहीं मोदी का भाषण किसने लिखा, मगर जब उन्होंने खुद अपनी जुबानी कहा है तो यह साफ जाहिर हुआ मानो उनकी कूटनीति का एकमेव सत्य भारत और इजराइल एक-दूसरे के लिए! सो मोदी ने सिंधु घाटी और जॉर्डन घाटी का उल्लेख कर आदिकाल में बने भारत-इजराइल संबंध बताए। उन्होंने शतिक्कुन ओलाम्ग्न (दुनिया को सुधारने का हिब्रू विचार) और श्वसुधैव कुटुम्बकम्ग्न (संसार एक परिवार है) को साथ रखा। उन्होंने हनुक्का और पुरिम को दीवाली और होली से जोड़ा।मतलब कूटनीति, व्यापार और सहयोग अपनी जगह असल बात- मोदीजी ने जैसे रामलला की ऊंगली पकड उन्हे मंदिर में बैठाया वैसे ही उनके सौजन्य से दो प्राचीन सभ्यताओं मतलब फादरलैंड व मदरलैंड का अंततः हुआ मिलाप । मोदी ने स्वंय संसद में फादरलैंड, मदरलैंड शब्द का उपयोग किया। हालांकि उनका वाक्य यह परिप्रेक्ष्य लिए हुए था कि इजराइल में रह रहे भारतीय मूल के यहूदी समुदाय भावनात्मक रूप से इजराइल को अपनी पितृभूमि और भारत को अपनी मातृभूमि मानते हैं। वे दृढ़ता से मानते हैं कि इजराइल उनकी पितृभूमि है और भारत उनकी मातृभूमि।इस वाक्य के अलावा भाषण में सिंधु घाटी और जॉर्डन घाटी की दो सभ्यताओं के मिलाप और अम यिस्राएल खाई के साथ जय हिंद का नारा भी बोला। कुल मिलाकर भारत और इजराइल के अस्तित्व और यात्रा की एक साझा कथा बनाते हुए फादरलैंड, मदरलैंड की तुकबंदी बनाई। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू तथा इजराइली मीडिया का गदगद होना स्वभाविक था। यों भी नेतन्याहू ने स्वागत भाषम में ही मोदी का यह कहते हुए अभिनंदन कियाख्र7 अक्टूबर के भयानक नरसंहार के तुरंत बाद आप स्पष्ट, नैतिक और दृढ़ता से इजराइल के साथ खड़े हुए। आपने डगमगाहट नहीं दिखाई। आपने बहाने नहीं बनाए। आप सच के साथ खड़े रहे।इसलिए सोशल मीडिया में फादरलैंड, मदरलैंड की तुकबंदी अपनी जगह है मगर असल बात है कि भारत-इजराइल के सामरिक-सैनिक संबंध ठोस हो गए हैं। पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ सुरक्षा संधि कर अपना जो रणनीतिक दांव चला, उसके जवाब में भारत-इजराइल की फादरलैंड, मदरलैंड वाली साझेदारी की अब कोई काट नहीं है। हो इसलिए यदि अगले सप्ताह अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो भारत की विदेश नीति में ईरान के लिए आँसू नहीं होंगे। इसका एक और पुख्ता निष्कर्ष यह भी है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो कहेंगे, जो चाहेंगे, उस पर मोदी सरकार ना-नुकूर नहीं कर पाएगी।

## मुख्यमंत्री धामी ने रामनवमी के पावन अवसर पर कन्या पूजन, प्रदेश की खुशहाली की कामना



देहरादून(संवाददाता)। रामनवमी के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कन्या पूजन कर देवी स्वरूपा बालिकाओं का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार कन्याओं को भोजन कराया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा, "समस्त प्रदेशवासियों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन चरित्र हमें कर्तव्यनिष्ठा के साथ सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि सभी का जीवन सुख, समृद्धि एवं खुशहाली से परिपूर्ण हो तथा प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व मर्यादा, आदर्शों और नैतिक मूल्यों के प्रति हमारी आस्था को और अधिक सुदृढ़ करता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कन्या पूजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है, जो नारी सम्मान और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं।

## मसूरी में शहर की पांच विभूतियों को किया सम्मानित

देहरादून(संवाददाता)। मसूरी प्रेस क्लब का वार्षिक स्मारिका लोकार्पण एवं सम्मान समारोह पूरे उत्साह के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर शहर की पांच विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी प्रेस क्लब को प्रेस क्लब विस्तार, साज सज्जा एवं इलेक्ट्रानिक उपकरणों के लिए 11 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। नगर पालिका सभागार में मसूरी प्रेस क्लब वार्षिक स्मारिका लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का बतौर मुख्य अतिथि मंत्री गणेश जोशी, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी, पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी, मसूरी प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील सिलवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का शूरवीर भंडारी ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रशासनिक सेवाओं व साहित्य सर्जन के लिए पूर्व डीजीपी उत्तराखंड अनिल रतूड़ी, लोक संस्कृति के संवर्धन व बढ़ावा देने के लिए झुमैलो ग्रुप की प्रमिला नेगी, युवा लेखन के लिए गौरी व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डा. खजान सिंह चौहान को गुलदस्ता, स्मृति चिन्ह, शॉल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण होता है, व मसूरी के पत्रकार वास्तव में अपनी लेखनी के माध्यम से अलग पहचान बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपनी कलम के दम पर सरकार बनाने व गिराने की सामर्थ रखते हैं। निष्पक्ष लिखकर सरकार की कमियों को उजागर करते हैं। इस मौके पर उन्होंने मसूरी प्रेस क्लब को क्लब विस्तार के लिए 11 लाख रूपये देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी ने कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी से समाज को जगाने, सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में निष्पक्ष होकर कार्य करता है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व डीजीपी अनिल रतूडी, नेहा जोशी, उत्तराचंल प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय राणा ने भी संबोधित किया। इस मौके पूर्व मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन राधा रतूड़ी, भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**संक्षिप्त समाचार...**

### दिल्ली के अधिकारी की पत्नी के सोने के कंगन दून के रिसॉर्ट में चोरी

देहरादून(संवाददता)। गढ़ी कैंट कोतवाली क्षेत्र स्थित रिसॉर्ट में शादी समारोह में शामिल होने आए दिल्ली के अफसर की पत्नी के सोने के दो कंगन चोरी हो गए। बंद कमरे से हुई इस चोरी के मामले में कैंट कोतवाली पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर कैंट केके लुंठी ने बताया कि नई दिल्ली के किदवई नगर पूर्व निवासी संजय त्यागी भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में वरिष्ठ लेखा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 10 और 11 मार्च को देहरादून के पुनर्नवा वैलनेस रिसॉर्ट में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए रुके थे। उन्हें रिसॉर्ट में कमरा नंबर 6011 और 6015 आवंटित किए गए थे। इस दौरान उनकी पत्नी ने अपनी सोने की दो चूड़ियां उतारकर कमरे में रख दी थीं। शादी समारोह में शामिल होने के लिए जब भी वे बाहर जाते, तो कमरे को ठीक से लॉक करके जाते थे। 12 मार्च को जब वे कमरा छोड़कर वापस लौटने लगे तो सामान समेटते वक्त चूड़ियां नहीं मिली। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना रिसॉर्ट प्रबंधन और पुलिस को दी।

### नाबालिग को नशीला पदार्थ पिला दुष्कर्म की कोशिश में आरोपी गिरफ्तार

देहरादून(संवाददाता)। पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसआई पटेलनगर पीके शाह ने बताया कि बुधवार को पीड़िता की मां ने कोतवाली पटेलनगर में केस दर्ज कराया। बताया था कि शोएब नामक युवक उनकी 16 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोप है कि उसने किशोरी को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ छेड़छाड़ व गलत काम करने का प्रयास किया। इसी दौरान वहां कुछ लोगों की नजर पड़ गई। जिन्हें देखकर आरोपी लड़की को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। गुरुवार को आरोपी शोएब (18) पुत्र आलिम निवासी पठानपुरा थाना बेहट, जिला सहारनपुर, यूपी हाल पता भुड्डी, नयागांव को पुलिस ने पटेलनगर से गिरफ्तार किया। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## मुख्यमंत्री धामी ने दी 242 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्यभर में आधारभूत संरचना और शहरी विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के लिए ₹242 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से सड़कों, पुलों, अतिथि गृहों, कार्यालय भवनों, बाढ़ सुरक्षा कार्यों और नगरीय सुविधाओं का विकास किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने नियोजन विभाग के अंतर्गत यूआईआईडीबी द्वारा संचालित शारदा रिवर फ्रंट, हरिद्वार मास्टर प्लान और ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं हेतु 109 करोड़ स्वीकृत किए। इसके अलावा पौड़ी गढ़वाल, देहरादून, उधम सिंह नगर और पिथौरागढ़ जिलों में क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों के पुनर्निर्माण व सुधार के लिए करोड़ों की धनराशि मंजूर की गई। मसूरी हाईवे पर दो लेन बॉक्स सेतु निर्माण हेतु 12 करोड़ तथा रुद्रपुर-भूरारानी मार्ग के हॉटमिक्स पुनर्निर्माण हेतु 2.47 करोड़ स्वीकृत किए गए।हर-की-पौड़ी से मां चंडी देवी और मनसा देवी रोपवे परियोजना के अंतर्गत सुरक्षा अध्ययन के लिए आईआईटी रुड़की को 46.89 लाख की राशि दी गई। पुलिस विभाग के लिए हल्द्वानी में कार्यालय भवन निर्माण हेतु ₹1.62 करोड़ तथा देहरादून में आईआरबी द्वितीय वाहिनी परिसर में आवासीय भवन और 240 बैडेड बैरक निर्माण हेतु लगभग 12.77 करोड़ स्वीकृत किए गए।सतपुली बैराज की पुनरीक्षित लागत हेतु ₹76.35 करोड़ नाबार्ड से वित्त पोषित किए जाएंगे। वहीं पिथौरागढ़, बाजपुर, चम्पावत और लोहाघाट क्षेत्रों में सड़क, ट्रैकिंग रूट और अधिवक्ता चौंबर निर्माण के लिए लाखों की राशि स्वीकृत हुई।

### देहरादून मसूरी रोड पर गहरी खाई में एक व्यक्ति का शव

देहरादून(संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में लापता युवक का शव देहरादून मसूरी रोड पर गहरी खाई में मिला है। युवक की बाइक सड़क पर खड़ी मिली है। मसूरी पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है।जानकारी के अनुसार 25 मार्च को मामचंद पुत्र स्व किशन सिंह निवासी ग्राम बाबेल बुजुर्ग थाना बेहट सहारनपुर उत्तर प्रदेश ने रात्रि में चौकी कोलूखेत कोतवाली मसूरी को बेटे अशोक 44 के लापता होने की सूचना दी।बताया कि अशोक अपनी बाइक से घर से निकला था। अशोक के मोबाइल की लोकेशन कोलूखेत चौकी से लगभग 2 किलोमीटर ऊपर मसूरी रोड पर आ रही हैं । सूचना पर चौकी कोलूखेत से पुलिस टीम परिजनों के साथ मौके पर गई तो हिल व्यू कैफे मसूरी रोड पर सड़क के किनारे अशोक की मोटर साइकिल खड़ी। अशोक को परिजनों के साथ रात्रि में काफी ढूंढ़ने का प्रयास किया गया। 26 मार्च को फिर मसूरी देहरादून रोड पर अशोक को ढूंढ़ने को मसूरी पुलिस तथा उसके परिजनों के साथ सर्च अभियान चलाया गया।

### महिला मंच ने भू-कानून और गैरसैण के मुद्दे पर सरकार को घेरा

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखंड महिला मंच ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर पूंजीपतियों के लाभ के लिए भू-कानूनों में बदलाव करने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध जताया है। मंच की प्रतिनिधि निर्मला बिष्ट ने कहा कि जहां पहाड़ के निवासी आपदा और जंगली जानवरों की मार झेल रहे हैं, वहीं सरकार बाहरी धन्नासेठों को जमीनें सौंप रही है। मंच ने गैरसैण को स्थायी राजधानी न बनाने और वहां के सरकारी भवनों को निजी कंपनियों या शादियों के लिए देने के विचार को शहीदों के सपनों का अपमान बताया।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# जयकारों के बीच शहर में निकला मां गिरिजा का डौला,मां गिरिजा का डौला पहुंचा हर गली-चौराहे तक,भक्तिमय माहौल से गूंजा रामनगर

रामनगर (संवाददाता)। पर्यटन नगरी रामनगर ाके अष्टमी और नवमी नवरात्र के मौके पर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का संगम एक बार फिर देखने को मिला। पर्वतीय जन जागृति प्रयास सेवा समिति रामनगर द्वारा 11वें विशाल जागरण का भव्य आयोजन किया गया।जिसके तहत गुरुवार सुबह मां गिरिजा ज्योत यात्रा का शुभारंभ किया गया,यह यात्रा पैडपडाव रामनगर से शुरू होकर मां गिरिजा देवी धाम के लिए रवाना हुई और वहां विधि-विधान के साथ ज्योत प्रज्वलित कर वापस कार्यक्रम स्थल लाई गई,ज्योत यात्रा के दौरान मां गिरिजा देवी की भव्य झांकियां, डोला और ज्योत के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रोंभरतपुरी, टेड़ा रोड, पंपापुरी और अन्य इलाकों में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे शहर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला और श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल हुए,संस्था के सदस्य सिवा नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि मां गिरिजा देवी ज्योत महोत्सव का यह 11वां आयोजन किया गया।जो हर वर्ष और अधिक भव्य रूप लेता जा रहा है,उन्होंने बताया कि इस आयोजन के तहत मां गर्जिया धाम से ज्योत लाकर रामनगर में स्थापित की जाती है और इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में शोभायात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं तक मां का आशीर्वाद पहुंचाया जाता



है,शिवा नेगी ने बताया कि आज शाम को भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया।जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालु पूरी रात माता के भजनों और जागरण में शामिल होंगे। धार्मिक परंपराओं के अनुसार, ज्योत की स्थापना पूरी श्रद्धा और विधि-विधान से की गई।जिसके बाद जागरण कार्यक्रम शुरू किया गया।उन्होंने यह भी बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि पहाड़ी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। कार्यक्रम में स्थानीय देवी-देवताओं के जागर, पारंपरिक अनुष्ठान और पहाड़ी बोली की झलक भी देखने को मिलती है, जिससे नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का अवसर मिलता है,शिवा नेगी कहते है कि बदलते समय में जहां नई पीढ़ी पारंपरिक संस्कृति से दूर होती जा रही है, ऐसे में इस तरह के आयोजन सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम बन रहे हैं। रामनगर में आयोजित यह महोत्सव अब आस्था और संस्कृति का बड़ा केंद्र बन चुका है, जिसमें हर वर्ष हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं।

# भगीरथ लाल चौधरी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की



रामनगर (संवाददाता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।उन्होंने मुख्यमंत्री को उत्तराखण्ड के चार साल का कार्यकाल पूरा होने की बधाई दी।भगीरथ लाल चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के चार साल का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास हो रहा है।कहा कि उत्तराखंड राज्य में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार साल के कार्यकाल के कुशल नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों का लाभ समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच रहा है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य प्रदेश को विकास की दिशा में अग्रणी बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नगर,ग्रामीण,किसान,गरीब,युवा,महिलाओं और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनहित योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

## कांग्रेस पार्टी नें संगठन कों बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए ग्राम सावल्दें क्षेत्र में सावल्दें पूर्वी की बैठक आयोजित की

रामनगर (संवाददाता)। रामनगर मे कांग्रेस पार्टी नें संगठन कों बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए ग्राम सावल्दें क्षेत्र में सावल्दें पूर्वी की बैठक आयोजित की गई।बैठक कांग्रेस नेता व पूर्व प्रधान वेद प्रकाश के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई।उसके बाद सावल्दें पश्चिम प्रथम की बैठक पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य शाहिद हुसैन के



निवास पर और सावल्दें पश्चिम द्वितीय की बैठक कांग्रेस नेता रमेश सिंह के निवास स्थान पर आयोजित की गई।जिसमें बूथ कमेटी के साथ बैठक कर बूथ कमेटी के विस्तार को लेकर विचार विमर्श कर कमेटी का विस्तार किया गया।बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत नें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बूथ कमेटी कों मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत ने की।

# गैस एजेंसी ठेकेदार को पूर्व कर्मचारी ने दी मारने की धमकी

रुद्रपुर (संवाददाता)। डोर-टू-डोर गैस सिलेंडर पहुंचाने वाले इंडेन गैस एजेंसी के ठेकेदार को उसके पूर्व डिलीवरी कर्मचारी ने जान से मारने की धमकी दी है। ठेकेदार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आजाद नगर वार्ड-2 निवासी ठेकेदार हीरालाल पुत्र रामदास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से इंडेन गैस सिलेंडर घर-घर पहुंचाने का ठेका चला रहा है। इस कार्य के लिए उसके पास करीब दस कर्मचारी कार्यरत हैं। इन्हीं में से एक डिलीवरी मैन सुधीर राठौर पुत्र राजेन्द्र प्रसाद वार्ड-7 किच्छा निवासी है, जो उसके पास काम करता था। शिकायत मिलने पर उसने उसे काम से निकाल दिया था। इसके बाद से सुधीर रंजिश रखने लगा। आरोप है कि सुधीर राठौर अब उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत

हल्द्वानी (संवाददाता)। कुमाऊं संभाग मुख्यालय हल्द्वानी में उस समय उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जब उत्तराखंड सरकार में शहरी विकास एवं जलागम विभाग के कैबिनेट मंत्री और भीमताल से विधायक राम सिंह कैड़ा का पहली बार शहर आगमन हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, ऊर्जा और संगठन की मजबूती साफ झलकती नजर आई।भौगोलिक संदर्भ कैबिनेट मंत्री के स्वागत के लिए पार्टी कार्यकर्ता सुबह से ही तैयारियों में जुटे हुए थे। जैसे ही मंत्री कैड़ा हल्द्वानी पहुंचे, भाखड़ा पुल से लेकर कुमाऊं संभाग कार्यालय तक सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ मंत्री का अभिनंदन किया। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए




गए थे और पूरा मार्ग भगवा झंडों से सजा हुआ था।भाखड़ा पुल से प्रारंभ हुआ स्वागत जुलूस एक विशाल रैली में तब्दील हो गया। जुलूस में युवा, महिलाएं और वरिष्ठ कार्यकर्ता सभी बड़ी संख्या में शामिल रहे। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने भी मंत्री का अभिनंदन किया और पुष्प वर्षा की।कुमाऊं संभाग कार्यालय पहुंचने पर आयोजित स्वागत समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैड़ा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्हें शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच पर मौजूद नेताओं ने अपने संबोध न में कैड़ा के राजनीतिक जीवन, उनके संघर्ष और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की।अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि यह स्वागत उनके लिए सम्मान ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का अहसास भी कराता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसे वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के शहरी विकास और जलागम प्रबंधन के क्षेत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य कर रही है, जिनका लाभ आम जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि हल्द्वानी कुमाऊं का प्रवेश द्वार है और इस क्षेत्र का विकास पूरे संभाग के विकास से जुड़ा हुआ है। शहर की बढ़ती आबादी और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। जल निकासी, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति और शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस योजनाएं बनाई जा रही हैं.मंत्री कैड़ा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की ताकत ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है।

# स्वच्छता कर्मियों की 150 कन्याओं को भोजन कराया



हल्द्वानी (संवाददाता)। / नगर निगम में आज दूसरा ऐसा मौका था जब रामनवमी पर पर्यावरण मित्रों यानी स्वच्छता कर्मियों की 150 कन्याओं को भोजन कराया गया। मेयर गजराज बिष्ट ने कन्याओं के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।

मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने मेयर बनने के बाद आज दूसरी बार चैत्र नवरात्र में कन्याओं को भोजन करवाकर उनका आशीर्वाद लिया। नगर निगम परिसर में पहले पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद कन्याओं को भोज कराया गया। इस मौके पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि पर्यावरण मित्रों की कन्याओं को भोजन कराना ही माता रानी की सच्ची सेवा और आस्था है।स्वच्छताकर्मी इस सभी कन्याएं इस मौके पर खुश नजर आई। उन्होंने कहा कि नगर निगम में कन्या भोज आयोजित होने का मतलब है कि नगर निगम स्वच्छता कर्मियों को अपने परिवार की तरह मानता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में कन्या भोज का आयोजन उनके लिए भगवान के किसी आशीर्वाद से कम नहीं है।

## सेल्समैनी करने काशीपुर से रामनगर आयी महिला को तीन महिलाओं ने पीटकर कानो से सोने के कुंडल निकाले, पुलिस ने जांच शुरू की

रामनगर (संवाददाता)। काशीपुर से अपनी बेटी के साथ सेल्समैनी करने आई महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपने साथ तीन महिलाओं पर मारापीटी करने व कानो से सोने के कुंडल निकाल लेने का आरोप लगाते हुये कार्यवाही की मांग की है।



कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर व मेडिकल में काशीपुर निवासी आरती पत्नी विजय निवासी लक्ष्मीपुर पट्टी, काशीपुर ने आरोप लगाया कि विगत 24 मार्च को वह काशीपुर से अपनी बेटी शानू के साथ सेल्समैनी करने रामनगर आयी थी, बस में उसके साथ काशीपुर की महेशपुरा निवासी गीता, प्राची, संध्या भी आयी थी जिन्होंने भवानीगंज में उसके साथ मारापीटी व गाली गलौज की तथा प्राची के द्वारा उसके कानों से सोने के कुंडल निकालने व तीनो द्वारा जान से मारने की धमकी दिये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व फौजी के बेटे की संदिग्ध हालत में मौत

हल्द्वानी (संवाददाता)। जनपद नैनीताल के हल्द्वानी में से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां बनभूलपुरा के होटल में पूर्व फौजी के बेटे की संदिग्ध हालत में मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रथमदृष्टया मामला हार्ट अटैक का हो सकता है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।मिली जानकारी के अनुसार यह घटना बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई है। जहां स्थित एक होटल में निवासी भीमताल के उड़वा हैड़ाखान संतोष सिंह सम्मल (42 वर्ष) पुत्र चंदन सिंह ठहरा था। इस दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बेस अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉ.सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, चिकित्सकों ने संतोष सिंह को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि वह कुछ दिन पहले राजस्थान के अजमेर में घूमने गए हुए थे।

# नशे का कारोबार करने वाली महिला तस्कर को गिरफ्तार किया

हल्द्वानी (संवाददाता)। कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने नशे का कारोबार करने वाली एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतराष्ट्रीय कीमत लाखों में बताई जा रही है।एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया की टीम को सूचना मिली थी की रुद्रपुर से हल्द्वानी मे स्मैक की तस्करी होने जा रही है। मुखबिर की सूचना पर टीम ने हल्द्वानी में बेलबाबा के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने हल्द्वानी रुद्रपुर रोड स्थित बेलबाबा मंदिर के पास से एक संदिग्ध महिला खड़ी दिखाई दी।शक होने पर महिला की तलाशी ली गई तो महिला के पास से 203 ग्राम स्मैक बरामद हुई। महिला की पहचान कनिका निवासी शिवनगर ट्रांजीट कैम्प के रूप में हुई। पूछताछ में महिला ने बताया की वह स्मैक की खेप छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से लेकर आई थी। जिसे वे बनभूलपूरा में एक व्यक्ति को सप्लाई करने वाली थी।महिला ने बताया कि वो पहले भी हल्द्वानी में स्मैक सप्लाई कर चुकी है। पुलिस के अनुसार महिला तस्कर से बरामद की गई स्मैक की अंतराष्ट्रीय कीमत 60 लाख रुपए आंकी जा रही है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जसपुर में अनियमितता मिलने पर गैस एजेंसियों को नोटिस

काशीपुर(संवाददाता)। एसडीएम ने बुधवार को अनियमितताएं मिलने पर भारत और इंडेन गैस एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उपभोक्ताओं से ऑनलाइन गैस बुकिंग करने की अपील की है। बुधवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार दलीप सिंह और पूर्ति निरीक्षक ने भारत और इंडेन गैस एजेंसियों के गैस गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम को गोदाम परिसर में ही गैस सिलेंडरों का वितरण और रिफिलिंग कार्य होते मिला, जो निर्धारित नियमों और डीएम के आदेशों के विपरीत था। इस पर एसडीएम ने एजेंसी कर्मियों को फटकार लगाई और दोनों गैस एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही की जाए। साथ ही गैस वितरण का दैनिक रोस्टर कार्यालय में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कर उपभोक्ताओं के साथ साझा किया जाए। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि निरीक्षण में दोनों एजेंसियों के पास गैस की पर्याप्त उपलब्धता मिली है। उपभोक्ताओं की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि गैस सिलेंडर की बुकिंग ऑनलाइन या टोल-फ्री नंबर के माध्यम से ही करें। बुकिंग के बाद निर्धारित समयावधि में गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी की जाएगी। गैस गोदाम या एजेंसी कार्यालय पर भीड़ एकत्रित न करें।

# बेटे का कैसिनो और शराब का शौक एक बड़े हादसे की वजह बन गया

रुद्रपुर (संवाददाता)। बीजेपी नेता के बेटे का कैसिनो और शराब का शौक एक बड़े हादसे की वजह बन गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिसके बाद आरोपी अब नेपाल पुलिस की गिरफ्त में है।रुद्रपुर के वरिष्ठ बीजेपी नेता और दो बार मंडल अध्यक्ष रह चुके के.के. दास के बेटे राकेश दास अपने दोस्तों के साथ कुछ दिन पहले कार से नेपाल के महेंद्रनगर स्थित कैसिनो पहुंचे थे। नेपाली सोर्स के मुताबिक कैसिनो में जुआ खेलने के साथ-साथ राकेश दास ने जमकर शराब पी थी।कैसिनो से लौटते वक्त पूर्व-पश्चिमी राजमार्ग पर कंचनपुर इलाके में उनकी कार ने भीमदत्त नाम के व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल भीमदत्त को महाकाली अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद कंचनपुर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी राकेश दास को गिरफ्तार कर लिया।राकेश फिलहाल नेपाल पुलिस की कानूनी प्रक्रिया में फंसा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, मृतक के परिवार और आरोपी पक्ष के बीच आर्थिक मुआवजे को लेकर समझौते की बात सामने आ रही है। हालांकि, कानूनी प्रक्रिया के तहत मामले का निस्तारण अभी बाकी है। फिलहाल इस पूरे मामले ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर युवाओं में बढ़ता कैसिनो और नशे का चलन कब थमेगा, और क्या ऐसे मामलों पर सख्ती से लगाम लग पाएगी/

# दो युवकों की मौत

खटीमा (संवाददाता)। दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां दो युवकों की मौत हो गई। यह भीषण दुर्घटना चकरपुर-बनबसा मार्ग पर हुई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे थे, तभी सामने से आ रही कार से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के दो टुकड़े हो गए।हादसे की सूचना मिलते ही चकरपुर पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस के जरिए दोनों घायलों को खटीमा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान 29 वर्षीय नावेद खान और 25 वर्षीय नमन के रूप में हुई है, जो खटीमा के वार्ड नंबर 13 के रहने वाले थे। दोनों की शादी हाल ही में हुई थी, जिससे इस हादसे ने परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है।दुर्घटना का पूरा मंजर कार में लगे डैशबोर्ड कैमरे में कैद हो गया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ओवरटेक के दौरान बाइक सीधे सामने से आ रही कार से टकरा जाती है।पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बेटे की आंखों के सामने उसकी मां ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली

हल्द्वानी (संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र के जज फार्म में गुरुवार सुबह एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। एक बेटे की आंखों के सामने उसकी मां ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मां को फंदे पर झूलता देख बेटे की चीखें पूरे इलाके में गूंज उठीं।मृतका 44 वर्षीय विमला सती अपने 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले बेटे के साथ किराए के मकान में रह रही थीं। गुरुवार सुबह जब बेटा नींद से जागा, तो मां कमरे में नहीं दिखी। तलाश करते हुए वह दूसरे कमरे में पहुंचा, जहां का मंजर देख उसकी दुनिया ही उजड़ गई मां पंखे से लटकी हुई थी।घबराए बेटे की चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। किसी तरह उसे संभाला गया और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जा रहा है कि यह परिवार पहले से ही गहरे सदमे में था। बीते वर्ष जून में महिला के पति ने भी आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद से महिला मानसिक तनाव में थी। गुरुवार की सुबह वह दर्द एक और त्रासदी में बदल गया। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर मानसिक पीड़ा को हम कब गंभीरता से लेंगे। एक मासूम बेटे के सिर से मां का साया उठ गयाऔर पीछे छोड़ गया कई अनुत्तरित सवाल।

# वर्ष प्रतिपदा पर अल्मोड़ा में संघ का पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित



अल्मोड़ा (संवाददाता)। हिंदू नव वर्ष (वर्ष प्रतिपदा) के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नगर अल्मोड़ा की ओर से घोड़िया फील्ड (एनसीसी ग्राउंड) में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के 159 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह भोज ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ की परंपरा के अनुसार आद्य सरसंघचालक प्रणाम से हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों ने नगर में अनुशासित पथ संचलन किया, जिसमें संगठन की एकता और अनुशासन का प्रदर्शन देखने को मिला। पथ संचलन के पश्चात सभी स्वयंसेवक पुन: कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित हुए। इस अवसर पर उत्तराखंड के प्रांत विद्यार्थी प्रमुख शील निधि मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने अपने उद्बोध न में भारतीय ज्ञान परंपरा, सामाजिक समरसता और संगठन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति केवल आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि वैज्ञानिक जीवन पद्धति पर आधारित है। समाज की एकता को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए उन्होंने संगठन के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया।

## रिजॉर्ट की छत से गिरकर घायल हुए किशोर की मौत

रुद्रपुर (संवाददाता)। रामपुर जिले का एक किशोर रामनगर में रिजॉर्ट की छत पर काम करने के दौरान नीचे गिर गया। उसे इलाज के लिए रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। परिजनों ने ठेकेदार पर बिना सुरक्षा उपकरण उससे काम कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इसरार अहमद निवासी खरा बास, मिलक जिला रामपुर, यूपी ने पुलिस को बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा फैजान अली दोस्तों के साथ रामनगर घूमने गया था, जहां उसकी मुलाकात एक ठेकेदार से हुई। ठेकेदार ने प्रलोभन देकर उसे एक रिजॉर्ट में काम पर लगा दिया। आरोप है कि बुधवार को ठेकेदार ने उसे बिना सुरक्षा उपकरण के दो मंजिला रिजॉर्ट की टिन की छत पर पेंच लगाने के लिए चढ़ा दिया। विरोध करने के बावजूद उससे काम कराया गया और इस दौरान वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रामनगर और काशीपुर के निजी अस्पतालों में दिखाने के बाद रुद्रपुर स्थित केएमसी अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई।

## एलायंस क्लब ने किया भंडारे का आयोजन

रुद्रपुर (संवाददाता)। एलायंस क्लब द्वारा नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। माता को भोग लगाकर भक्तों को पूरी, सब्जी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। कृदय फार्म पर लगाए गए इस भंडारे में पूर्णागिरि धाम को आने एवं जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम संयोजक मनोज कन्याल ने इस मौके पर मां दुर्गा से जग कल्याण की कामना करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने व्यस्त जीवन में से समय निकालकर भक्ति में भी समय लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवरात्र में जगत जननी की भक्ति को सर्वोपरि माना गया है।

## हज यात्रियों के मेडिकल स्क्रीनिंग, वैक्सीनेशन की तिथियां घोषित

रुद्रपुर (संवाददाता)। हज यात्रियों का मेडिकल स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन राज्य के विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर किया जाएगा। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि जनपद ऊधमसिंह नगर के जसपुर, काशीपुर और बाजपुर के हज आवेदकों का वैक्सीनेशन 31 मार्च को सुबह 9 बजे से उप जिला चिकित्सालय एलडी भट्ट, काशीपुर में होगा। गुरुवार को उन्होंने बताया कि रुद्रपुर, गदरपुर, लालपुर, किच्छा, पंतनगर, सितारगंज, खटीमा और जनपद चम्पावत के आवेदकों का मेडिकल स्क्रीनिंग व वैक्सीनेशन 31 मार्च को सुबह 9 बजे से पं. राम सुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज, रुद्रपुर में किया जाएगा। जनपद नैनीताल और अल्मोड़ा के हज आवेदकों का वैक्सीनेशन एक अप्रैल को सुबह 9 बजे से बेस चिकित्सालय, हल्द्वानी में होगा। वहीं, हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल के आवेदकों का 27 मार्च को उप जिला चिकित्सालय, रुड़की में वैक्सीनेशन किया जाएगा। देहरादून के हज आवेदकों का मेडिकल स्क्रीनिंग व वैक्सीनेशन जिला चिकित्सालय कोरोनेशन, डालनवाला में सुबह 9 बजे से होगा।

## मिशन 2027 के लिए क्षेत्रीय ताकतों की एकजुटता पर जोर

अल्मोड़ा (संवाददाता)। उत्तराखंड में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्रीय राजनीतिक दलों और जनपक्षीय संगठनों ने एकजुट होकर मजबूत विकल्प तैयार करने की पहल शुरू कर दी है। होटल शिखर में आयोजित रणनीतिक बैठक में भाजपा और कांग्रेस के विकल्प के रूप में जनआधारित राजनीतिक मोर्चा खड़ा करने पर सहमति बनी। बैठक में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा, उत्तराखंड लोक वाहिनी, हिमालय क्रांति पार्टी, इंडिया ग्रीन्स पार्टी और लोक जिम्मेदार पार्टी समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि राज्य गठन के 25 वर्षों बाद भी उत्तराखंड अपेक्षित विकास नहीं कर पाया है और इसके लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों जिम्मेदार हैं। उन्होंने जनसरोकारों की अनदेखी आरोप लगाया। बैठक में बेरोजगारी, पलायन, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन, महिला अपराधों में वृद्धि और सरकारी पदों पर भर्ती न होने जैसे मुद्दों पर चिंता जताई गई। बैठक में सभी जनपक्षीय और क्षेत्रीय शक्तियों को एक मंच पर लाकर रोजगार, पलायन रोकने, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और क्षेत्रीय अस्मिता को केंद्र में रखकर राजनीतिक विकल्प तैयार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही समान विचारधारा वाले संगठनों से भी जुड़ने का आह्वान किया गया। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि राज्य के हित में सभी को एकजुट होना होगा और यह लड़ाई केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की है। बैठक का संयोजन प्रभात ध्यानी और संचालन चारु तिवारी ने किया। बैठक में राजीव लोचन साह, भूपेंद्र कोरंगा, प्रकाश जोशी, नरेश नौटियाल, दिनेश उपाध्याय, मोहन कांडपाल, जेसी उप्रेती, सुरेश नौटियाल, आरपी सिंह, जगदीश चंद्र मैनानी आदि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्मैक तस्करी में अभियुक्त गिरफ्तार

बागेश्वर (संवाददाता)। उत्तराखण्ड को नशामुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में बागेश्वर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता अर्जित करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक बागेश्वर के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसओजी टीम ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान 26 मार्च 2026 को एक अभियुक्त को 02.44 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अजय कुमार (26 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय राजू राम, निवासी घटबगड़, कोतवाली बागेश्वर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर कठोर निगरानी रखी जा रही है। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली बागेश्वर में मु0अ0सं0 थ्न्ट संख्या 18/26, धारा 08/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है तथा उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सल्लाउद्दीन खान (प्रभारी एसओजी) के नेतृत्व में पुलिस टीम के सदस्यख़्कांस्टेबल भुवन बोरा, संतोष सिंह, चंदन कोहली एवं राजेन्द्र कुमारख़्की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस प्रशासन की यह सक्रियता न केवल अपराधियों के लिए चेतावनी है, बल्कि समाज को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने की दिशा में एक सशक्त प्रयास भी है।




## बाइक-कार की भिड़ंत में खटीमा के दो युवकों की मौत

रुद्रपुर (संवाददाता)। बनबसा-चकरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार रात जगबुड़ा पुल के पास कार और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक का अगला हिस्सा कार के बोनट में धंस गया और बाइक के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के अनुसार, खटीमा के वार्ड 13 निवासी 28 वर्षीय नावेद खान पुत्र बाबू खान और 26 वर्षीय नमन सक्सेना पुत्र सुरेंद्र सक्सेना बुधवार रात करीब नौ बजे बाइक से बनबसा से घर लौट रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर खटीमा से टनकपुर की ओर जा रही एक कार से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर जाम लग गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस और चकरपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. आकांक्षा ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार चालक और स्वामी को हिरासत में लिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। नमन तीन बहनों का इकलौता भाई था। उसकी 15 फरवरी को ही शादी हुई थी। वह सब्जी मंडी में अपने पिता के बर्तन की दुकान पर हाथ बंटाता था और सब्जी का फड़ भी लगाता था। वहीं नावेद का डेढ वर्ष पहले निकाह हुआ था। वह रेडिमेड कपड़ों का फड़ लगाता था।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# हे बलवंत दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी: अभिनेत्री शिवानी नागरम

हाल ही में लिटिल हार्ट्स, राजू वेड्स रामभाई और ईशा वामसी नंदीपति अब एक पूरी तरह से मनोरंजक फिल्म हे रहे हैं। फिल्म का निर्माण बी. नरेंद्र रेड्डी त्रिशूल विजनरी हैं और इसे नंदीपति एंटरटेनमेंट्स और बन्नी वास वर्क्स अभिनेता नरेश और एंकर श्रावंती मुख्य भूमिकाओं में हैं। सोमवार को अभिनेत्री शिवानी नागराम ने मीडिया से और मेरे करियर की तीसरी फिल्म है। उनके साथ पिछली गंभीर थी। लेकिन इस फिल्म में यह काफी हल्की-फुल्की पूरी फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी। अंत में मासूमियत के साथ-साथ हास्य भी है।फिल्म बहुत अच्छी सुदर्शन, सुहास और मेरे किरदार आपको खूब हंसाएंगे। नरेश माकेदार होगा और बेहद मनोरंजक।मेरे पास जो भी कहानियां पहली फिल्म में कॉमेडी नहीं थी, दूसरी पूरी तरह से अपना किरदार दोनों ही पसंद आ गए, जैसे ही मैंने इसके क्या आपका इससे कोई संबंध है?नहीं, फिल्म में दिखाया कोई संबंध नहीं है। आपको इसे सिनेमाघरों में देखना रंगीन दृश्यों और बेहतरीन संगीत से भरपूर एक मनोरंजक खूब हंसाएगी। हर किरदार आपको हंसाएगा।मैंने कुचिपुड़ी लिटिल हार्ट्स में थोड़ा गुनगुनाया था और आरम्भम में तैयार हूँ।वो बहुत ही मिलनसार और सहयोगी हैं, और का मनोरंजन करेगी। हमारे साथ के दृश्यों का दर्शक जो अवसर दिया, उसका मैंने अच्छे फिल्मों में उपयोग की सफलता के बाद आप ऑफर्स को कैसे मैनेज कर की ओर बढ़ती हूं, लेकिन मैं फिल्म तभी स्वीकार संयोजन कैसा भी हो। मैं देखती हूं कि क्या मैं कहानी से लिए मायने रखता है।मैंने शुरू में गंभीरता से अभिनेता



जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाले सफल जोड़ी बन्नी वास और बलवंत (पहले हे भगवान थी) के साथ दर्शकों के सामने आ स्टूडियोज के बैनर तले कर रहे हैं, निर्देशन गोपी आचार्य कर रहे प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म में सुहास, शिवानी नागराम, वरिष्ठ फिल्म 20 फरवरी को रिलीज होने वाली है।इस अवसर पर बातचीत की।उन्होंने बताय कि सुहास के साथ यह मेरी दूसरी फिल्म में मेरा किरदार बहुत गंभीर था और कहानी भी काफी और मनोरंजक है। मुझे यह भूमिका निभाने में बहुत मजा आया। पिता-पुत्र का प्रेम प्रसंग भी सबको छू जाएगा। मेरे किरदार में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह निश्चित रूप से हिट होगी। और वेन्नेला किशोर के किरदार बेहद मजेदार हैं। क्लाइमेक्स ध आती हैं, उनमें से मैं हमेशा सबसे अच्छी कहानी चुनता हूं। मेरी कॉमेडी थी, और इस फिल्म में भी कॉमेडी है। मुझे कहानी और बारे में सुना।इस फिल्म में कौन सा व्यवसाय दिखाया गया है? गया व्यवसाय नरेश सर का पारिवारिक व्यवसाय है। मेरा इससे चाहिए और आनंद लेना चाहिए। आपको खूब हंसी आएगी।यह फिल्म है। नरेश और वेन्नेला किशोर की कॉमेडी आपको और संगीत सीखा है। मैं गायिका से अभिनेत्री बनी हूँ। मैंने एक गाना गाया था। अगर मौका मिले तो मैं गाने के लिए एक बेहतरीन अभिनेता हैं। इस फिल्म में हमारी जोड़ी दर्शकों भरपूर आनंद लेंगे।मेरा परिवार बहुत सहयोगी है। उन्होंने मुझे करके खुद को साबित किया। वे बहुत खुश हैं।लिटिल हार्ट्स रही हैं?मैं सफलता को एक अवसर मानकर अगली फिल्म करती हूं जब मुझे कहानी पसंद आए, चाहे कलाकारों का जुड़ पाती हूं और मेरा किरदार कितना महत्वपूर्ण है। यही मेरे बनने की योजना नहीं बनाई थी, लेकिन अब मुझे पहचान मिल गई है। मुझे अच्छी फिल्में, अच्छी टीम और अच्छे सह-कलाकार मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मेरे पास जो भी ऑफर आते हैं, उनमें से मैं सर्वश्रेष्ठ का चयन करता हूं। मैं 100 फिल्में नहीं करना चाहता; अगर मैं पांच भी करूं, तो उनकी कहानी अच्छी होनी चाहिए।अगर आपको स्टार हीरो के साथ काम करने के ऑफर मिलें, तो क्या आप कहानी की परवाह किए बिना उन्हें स्वीकार कर लेंगी?मेरे लिए सिनेमा तो सिनेमा है। अगर मुझे कहानी और मेरा किरदार पसंद आएगा, तो मैं उसे स्वीकार कर लूंगी। मैं बिना किसी पूर्व अनुभव के आई हूं। दर्शकों द्वारा दिए गए सम्मान को बनाए रखना महत्वपूर्ण है।बहुत खुश हूं। अब अभिनेताओं के साथ-साथ लेखक और निर्देशक भी बढ़ गए हैं। तेलुगु लड़कियों को ज्यादा मौके मिल रहे हैं। अब छोटी-बड़ी फिल्मों का कोई फर्क नहीं रह गया है। छोटी फिल्में भी बड़ी हिट हो रही हैं। कई लोगों ने कहा कि अगर लगातार फिल्में नहीं करोगी तो गायब हो जाओगी, लेकिन मैं चाहती हूं कि लोग कहें कि मैं हमेशा अच्छी फिल्में चुनती हूं। मैं दूसरी हीरोइनों की तरह ही फिल्मों को लेकर चुनिंदा रहना चाहती हूं।मुझे हर प्रकार की फिल्में पसंद हैं, लेकिन विशेष रूप से रोमांटिक कॉमेडी। जब मूड खराब होता है, तो ऐसी मनोरंजक फिल्में देखने से मूड ठीक हो जाता है। मैं सभी शैलियों की फिल्में करना चाहता हूँ।मेरी फिल्में ओटीटी पर आ रही हैं, इसलिए मुझे अलग-अलग भाषाओं से ऑफर मिल रहे हैं। फिलहाल, दो तमिल और दो तेलुगु फिल्मों पर बातचीत चल रही है।

## परफेक्ट मुस्कान के पीछे उम्मीदों के बोझ को तलाशती संदीपा धर

ऐसी दुनिया में जहाँ परफेक्शन की सराहना तो होती है, लेकिन उसके पीछे छिपी भावनाओं को शायद ही कोई समझना चाहता है, वहां संदीपा ध र दो दीवाने सहर में में नैना के एक बेहद संवेदनशील किरदार के साथ सामने आ रही हैं। नैना एक ऐसी युवती है, जो बाहर से पूरी तरह सुलझी हुई, आत्मविश्वासी और परफेक्ट दिखती है, लेकिन भीतर ही भीतर अपनी पहचान, अकेलेपन और अपेक्षाओं के बोझ से जूझ रही है। विशेष रूप से सलीके से सजी मुस्कान और सहज अंदाज के पीछे छिपी एक ऐसी कहानी, जो अपने अस्तित्व के साथ हर हाल में ठीक दिखने की थकान को बयां करती है। अपने किरदार नैना के बारे में बात करते हुए, संदीपा कहती हैं, नैना वो लड़की है, जिसमें हममें से बहुत से लोग खुद को देख सकते हैं। वो मुस्कुराती है, हर जिम्मेदारी निभाती है और बाहर से लगता है कि सब कुछ कंट्रोल में है। लेकिन अंदर ही अंदर वो खुद से कटी हुई है, जैसे वो अपनी ही जिंदगी में एक किरदार निभा रही हो और असली खुद को भूल चुकी हो। हालांकि आज के समय में ये दबाव बहुत आम बात है, जहां हर हाल में ठीक दिखने की अपेक्षा की जाती है, फिर चाहे आपके अंदर कुछ भी चल रहा हो।फिल्म की भावनात्मक गहराई पर बात करते हुए संदीपा आगे कहती हैं, दो दीवाने सहर में मुझे इसलिए खास लगी क्योंकि यह नजरअंदाज होने की भावना को बेहद खूबसूरती से दिखाती है। कई बार जितना ज्यादा आप परफेक्ट दिखते हैं, उतना ही मुश्किल हो जाता है ये स्वीकार करना कि अंदर कुछ टूट रहा है।



## धुरंधर 2 ने बिगाड़ दिया उस्ताद भगत सिंह का खेल, मंडे टेस्ट में बुरी तरह फेल हुई पवन कल्याण की फिल्म, शॉकिंग है कलेक्शन

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर: द रिवेंज के तूफान के बीच, पवन कल्याण, श्रीलीला और राशि खन्ना की लेटेस्ट रिलीज फिल्म उस्ताद भगत सिंह को जबरदस्त झटका लगा है. दिलचस्प बात ये है कि रणवीर सिंह की स्पाई थ्रिलर और पवन कल्याण की तेलुगु एक्शन-कॉमेडी फिल्म का 19 मार्च को क्लैश हुआ था. जहां धुरंधर 2 पहले दिन से बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है तो वहीं पवन कल्याण की फिल्म ने ओपनिंग तो अच्छी की लेकिन ये दूसरे ही दिन लुढक गई. अब मंडे टेस्ट में तो इसका बुरा हाल हो गया है. जानते हैं उस्ताद भगत सिंह ने रिलीज के 5वें दिन यानी मंडे को कितना कलेक्शन किया है.पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भगत सिंह से काफी उम्मीदें थी लेकिनधुरंधर 2 के ब्लॉकबस्टर तूफान ने इसका सारा खेल बिगाडॉ कर रख दिया. हालांकि ओपनिं वीकेंड तक उस्ताद भगत सिंह ने बॉक्स ऑफिस पर पकड़ मजबूत बनाई हुई थई लेकिन वीकडेज में एंट्री करते ही इसका बंटाध ार हो गया है. हैरानी की बात ये है कि धुरंधर 2 ने तेलुगु भाषी क्षेत्रों में भी उस्ताद भगत सिंह पर बढ़त बना ली है. इसी के साथ पवन कल्याण की फिल्म मंडे टेस्ट में फिसड्डी साबित हुई है.फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो उस्ताद भगत सिंह ने रिलीज के पहले दिन 34.75 करोड़ कमाए थे. इसके बाद फिल् मने दूसरे दिन 9 करोड़, तीसरे दिन 9.05 करोड़ और चौथे दिन 7.50 करोड़ का कलेक्शन किया. वही सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक उस्ताद भगत सिंह ने रिलीज के 5वें दिन 1.96 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ उस्ताद भगत सिंह की पांच दिनों की कुल कमाई अब 62.2उस्ताद भगत सिंह के बारे मेंउस्ताद भगत सिंह को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 5 दिन हो चुके हैं लेकिन ये फिल्म अपना आधा बजट भी अभी वसूल नहीं कर पाई है. बता दें कि इस फिल्म की लागत 150 करोड़ बताई जा रही है. वहीं इसके साथ रिलीज हुई धुरंधर 2 पांच दिनों में भारत में 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है. ऐसे में उस्ताद भगत सिंह के लिए अपना बजट वसूल करना मुश्किल लग रहा है क्योंकि इसकी कमाई में लगातार गिरावट देखी जा रही है और इसमें बढ़त की गुंजाइश ना के बराबर लग रही है. इस हाल में उस्ताद भगत सिंह पर फ्लॉप होने का खतरा मंडराने लगा है.हरीश शंकर के निर्देशन में बनी उस्ताद भगत सिंह, एटली और विजय की 2016 की फिल्म थेरी का अडैप्टेशन है. इस फिल्म का प्रोडक्शन 2023 से चल रहा है और इसमें श्रीलीला और राशि खन्ना भी अहम किरदारों में हैं. फिल्म का म्यूजिक और बैकग्राउंड स्कोर देवी श्री प्रसाद और थमन एस ने तैयार किया है.फिल्म में आशुतोष राणा, नवाब शाह, बीएस अविनाश , आर पार्थिबन, गौतमी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं. हरीश और पवन की यह दूसरी फिल्म है; इससे पहले 2012 में उनकी हिट फिल्म गब्बर सिंह आई थी, जो 2010 की हिट फिल्म दबंग का रीमेक थी.

# धामी सरकार का मास्टर स्ट्रोक : देहरादून-हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर को मिलेगा स्मार्ट और जाम-मुक्त परिवहन नेटवक

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में उत्तराखंड में आधुनिक और सुदृढ़ आधारभूत ढांचे के निर्माण की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में राज्य के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक, पर्यटन और प्रशासनिक कॉरिडोर, देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए कॉम्प्रीहेन्सिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी)-2024 पर उच्चस्तरीय मंथन किया गया। आवास सचिव डॉ०. आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में यह महत्वपूर्ण बैठक राज्य सचिवालय में आयोजित हुई, जिसमें इस पूरे कॉरिडोर की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुव्यवस्थित और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक की शुरुआत मैसर्स यूएमटीसी द्वारा सीएमपी-2024 के अद्यतन प्रस्तावों के प्रस्तुतीकरण से हुई, जिसमें देहरादून (देहरादून शहर, विकासनगर, ऋषिकेश) और हरिद्वार (हरिद्वार शहर, रुड़की, भगवानपुर) क्षेत्र की मौजूदा यातायात चुनौतियों और उनके समाधान को विस्तार से रखा गया। इसके बाद विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजना के तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया। सचिव आवास ने निर्देश दिए कि सीएमपी के सभी प्रस्तावों को संबंधित मास्टर प्लान में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि आने वाले समय में शहरी परिवहन अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में तैयार होने वाली सभी योजनाओं में एकीकृत परिवहन प्रणाली की अवधारणा को केंद्र में रखा जाए।बढ़ते यातायात दबाव का समाधान, लोगों को मिलेगा राहतभरा सफर : देहरादून-हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर वर्तमान में राज्य का सबसे व्यस्त क्षेत्र



बन चुका है। सिडकुल जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार, तेजी से हो रहे शहरीकरण और पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि के चलते यहां यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। पीक आवर्स में जाम, अव्यवस्थित पार्किंग, सीमित सड़क क्षमता और सार्वजनिक परिवहन की कमी जैसी समस्याएं आम लोगों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। सीएमपी-2024 इन चुनौतियों का दीर्घकालिक और प्रभावी समाधान प्रस्तुत करता है, जिससे आमजन को राहत मिलने की उम्मीद है। इस योजना के तहत परिवहन को लोग-केंद्रित, सुरक्षित और टिकाऊ बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने, निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने और पैदल व साइकिल चालकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने की दिशा में कई ठोस कदम प्रस्तावित किए गए हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा और प्रदूषण के स्तर में कमी आएगी। ई-बीआरटीएस, रोपवे और स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम से बदलेगा कॉरिडोर का स्वरूप : सीएमपी-2024 के अंतर्गत कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं, जो इस पूरे कॉरिडोर की तस्वीर बदलने की क्षमता रखती हैं। देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश के बीच लगभग 73 किलोमीटर लंबी ई-बीआरटीएस (इलेक्ट्रिक बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) प्रणाली विकसित करने की योजना है, जिससे तीनों शहरों के बीच आवागमन तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक होगा। इसके अलावा हरिद्वार में पर्सनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव है, जो विशेष रूप से धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देगा। धार्मिक और पर्यटन स्थलों के लिए रोपवे परियोजनाओं का विकास भी इस योजना का अहम हिस्सा है, जिससे यातायात का दबाव कम होगा और यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा। इसके साथ ही स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम , आधुनिक सिग्नलिंग, पार्किंग प्रबंधन और बाईपास सड़कों के निर्माण पर भी जोर दिया गया है। ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टॉड) के माध्यम से शहरों का समेकित विकास सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे परिवहन और शहरी जीवनशैली के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो सके।

कांवड़ और कुंभ जैसे आयोजनों में मिलेगी बड़ी राहत : विशेषज्ञों का मानना है कि सीएमपी-2024 के लागू होने से कांवड़ मेला और कुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान यातायात प्रबंधन में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। हर साल लाखों श्रद्धालुओं के आगमन से इस कॉरिडोर पर भारी दबाव पड़ता है, लेकिन नई योजना के लागू होने के बाद यातायात अधिक सुगम, व्यवस्थित और सुरक्षित हो सकेगा। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और प्रशासन के लिए भी व्यवस्थाएं संभालना आसान होगा। कुल मिलाकर यह योजना धामी सरकार की विकासोन्मुखी और दूरदर्शी सोच का प्रतिबिंब है, जो उत्तराखंड को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और पर्यावरण-अनुकूल राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त) संजीव मेहता, महाप्रबंधक (सिविल) संजय जी. पाठक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने सीएमपी-2024 को राज्य के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

सरकार की दूरदर्शी सोच, विकास को मिलेगी नई रफ्तार: आवास सचिव डॉ०. आर राजेश कुमार ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार उत्तराखंड के प्रमुख शहरी क्षेत्रों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

**संक्षिप्त समाचार...**

## लोकायुक्त की नियुक्ति को लेकर संयुक्त नागरिक संगठन ने सौंपा ज्ञापन

देहरादून(संवाददाता)। संयुक्त नागरिक संगठन ने प्रदेश में पिछले 12 वर्षों से रिक्त पड़े लोकायुक्त के पद पर तत्काल नियुक्ति की मांग की है। संगठन के महासचिव सुशील त्यागी ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को भेजे ज्ञापन में कहा कि लोकायुक्त न होने से भ्रष्टाचार के 1000 से अधिक मामले लंबित हैं। संगठन ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि खाली कार्यालय पर अब तक जनता के 20 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो जनधन की बर्बादी है। सर्वोच्च और उच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद नियुक्ति न होना दुखद है। संगठन ने सरकार से श्भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंडश के संकल्प को धरातल पर लाने के लिए फाइलों में दबी इस प्रक्रिया को त्वरित पूरा करने की अपील की है।

## परिजनों से नाराज होकर दिल्ली से दून पहुंच गई तीन नाबालिग बहनें

देहरादून(संवाददाता)। परिजनों से किसी बात पर नाराज होकर दिल्ली से दून पहुंचीं तीन नाबालिग सगी बहनों को दून पुलिस ने सकुशल उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया है। बच्चियों के सुरक्षित मिलने पर घबराए परिजनों ने राहत की सांस ली। एसओ नेहरू कॉलोनी संजीत कुमार ने बताया कि रिस्पना पुल के पास तीन नाबालिग बच्चियां लावारिस हालत में घूमने की सूचना मिली। तुरंत महिला और चीता पुलिसकर्मियों ने उनकी तलाश शुरू की और तीनों को विधानसभा तिराहे के पास से बरामद कर लिया। बच्चियों ने बताया कि वे सगी बहनें हैं और अनाजमंडी (दिल्ली) की रहने वाली हैं। परिजनों से नाराज होकर वे घर से भाग आई हैं। दून पुलिस ने तत्काल दिल्ली के सदर बाजार थाने से संपर्क किया, जहां तीनों की गुमशुदगी दर्ज होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को देहरादून बुलाकर तीनों बहनों को सकुशल उनके हवाले कर दिया।

## धरने पर बैठे पीआरडी जवानों ने किया माता का भंडारा

देहरादून(संवाददाता)। प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन के बैनर तले पीआरडी की मातृ शक्ति और पीआरडी जवान एकता विहार में गुरुवार को नवें दिन भी धरने पर डटे रहे। धरने पर बैठे पीआरडी जवानों ने माता का भंडारा किया। कीर्तन भजन हुए और सभी पीआरडी जवानों ने माता का भोग लगाया। साथ ही आगे की रणनीति के तहत सचिवालय कूच को लेकर विचार किया। प्रदेश संयोजक प्रमोद मंद्रवाल ने बताया कि सरकार जल्द से जल्द पीआरडी जवानों की मांगों को पूरा करें। ऐसी स्थिति ना आए कि प्रदेश के पूरे जवान उग्र आंदोलन करने को मजबूर हों। उन्होंने कहा कि सरकार पीआरडी जवानों के धैर्य की परीक्षा न ले। सरकार को सोचना चाहिए कि जवानों की जायज मांगों पर जल्द से जल्द सरकार शासनादेश जारी होना चाहिए।

## रात में बेवजह घूमने वाले छात्र संस्थानों से निकलवाएगी पुलिस

देहरादून(संवाददाता)। विश्वविद्यालय या कॉलेजों में पढ़ने वाले युवकों का रात में अनावश्यक रूप से घूमना पुलिस बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके साथ ही हुड़दंग या अपराध करने पर सख्त से सख्त धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। प्रेमनगर में दिव्यांशु हत्याकांड के बाद एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने ऐसे मामलों में सभी थानाध्यक्षों को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि रात में छात्र ग्रुप में घूमते हुए, हुड़दंग या अपराध करते हुए पाया जाए तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के साथ ही संबंधित कॉलेज या यूनिवर्सिटी से भी उनकी रिपोर्ट भेजकर निकलवा दिया जाए। ताकि, छात्रों के बढ़ते आतंक और अपराध पर लगाम लगाई जा सके। बुधवार रात में बेवजह घूम रहे 288 लोगों से पुलिस ने पूछताछ की। 156 संदिग्धों को थाने लाया गया। इनमें 99 व्यक्तियों का 81 पुलिस एक्ट में चालान कर उनसे 49,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।ऑपरेशन नाइट वॉच में 71 गिरफ्तारदिव्यांशु हत्याकांड के बाद शहर में ऑपरेशन नाइट वॉच शुरू किया गया है। इसके तहत रात में छात्रों शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर फोकस किया जा रहा है। मंगलवार और बुधवार रात शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 71 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके 21 चौपहिया और 50 दोपहिया वाहन सीज कर चालकों को गिरफ्तार किया गया। गाड़ियों में हूटर, शीशों पर काली फिल्म लगाने और रैश ड्राइविंग करने वाले 12 अन्य वाहनों को भी सीज किया गया।

## नागालैंड की संस्कृति से रूबरू हुए दूनवासी

देहरादून(संवाददाता)। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र में गुरुवार को नागालैंड के समाज और संस्कृति पर आधारित एक विशेष स्लाइड शो और व्याख्यान का आयोजन किया गया। श्नागालैंड की ओर: दीवार पर लगे दर्पण तक की हमारी यात्राश शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम में पद्मश्री अनूप साह और सेवानिवृत्त आईएफएस एस. एस. रसायली ने अपने अनुभवों को साझा किया। व्याख्यान के दौरान वक्ताओं ने नागालैंड की समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वहां की जीवनशैली को हीन भावना के बजाय उनकी परिस्थितियों के आधार पर समझने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता मेजर जनरल आनंद सिंह रावत ने श्ग्रेट इंडियन हॉर्नबिलश के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए उसे नागा पहचान, शक्ति और एकता का प्रतीक बताया।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com

ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com